संख्या:133/2015/1481जेएल/22-3-15-100(58)/2015

प्रेषक,

आर0के0 द्विवेदी,
उप सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

महानिरीक्षक,
कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-3 ***लखनऊ: दिनांक: 13 मई, 2015***

विषय: जिला कारागार, मुजफ्फरनगर में निरूद्ध विचाराधीन बंदीगण-मुजम्मिल उर्फ बिल्ला पुत्र श्री नसीम उर्फ मक्कू एवं (2) विनोद उर्फ काला पुत्र श्री जनेश्वर, निवासी जनपद-मुजफ्फरनगर को अन्यत्र जनपद कारागार की कारागार में प्रशासनिक आधार पर स्थानान्तरित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर आपके पत्र संख्या-16012/सामा-1(3)/गाजियाबाद/मेरठ मं0/10, दिनांक 08-05-2015 में की गयी संस्तुति के संदर्भ मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उ0प्र0 जेल मैनुअल के प्रस्तर-128 सपठित-409ए में निहित प्राविधानों के अनुसार **जिला कारागार, मुजफ्फरनगर में निरूद्ध निम्नलिखित बंदियों को प्रशासनिक आधार पर उनके नाम के सम्मुख अंकित कारागारों में स्थानान्तरित किये जाने की स्वीकृति इस प्रतिबन्ध के अधीन प्रदान की जाती है कि प्रश्नगत बंदियों को स्थानान्तरित किये जाने के सम्बन्ध में मा0 न्यायालयों द्वारा प्रदत्त अनुमति में लगायी गयी शर्तो का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा :-**

क्र.स.	बंदी का नाम/पिता का नाम	निरूद्धी की वर्तमान कारागार	कारागार का नाम जहाँ स्थानान्तरित किया जाना है।
1	मुजम्मिल उर्फ बिल्ला पुत्र श्री नसीम उर्फ मक्कू	जिला कारागार, मुजफ्फरगनर।	जिला कारागार, बुलन्दशहर।
2	विनोद उर्फ काला पुत्र श्री जनेश्वर	जिला कारागार, मुजफ्फरगनर।	जिला कारागार, गौतमबुद्धनगर।

2- कृपया उपरोक्तानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराते हुए कृत कार्यवाही की अनुपालन आख्या शासन को अविलम्ब उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(आर0के0 द्विवेदी)
उप सचिव।

संख्या:133/2015/1481जेएल(1)/22-3-15-उक्तदिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1. जिला मजिस्ट्रेट/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुजफ्फरनगर।
2. अधीक्षक, जिला कारागार, मुजफ्फरनगर/बुलन्दशहर/गौतमबुद्धनगर।
3. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(आर0के0 द्विवेदी)
उप सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in